## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में विदेश से लौटे 83, अन्य राज्यों से 3694 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर रखा गया क्वारेंटीन में, किसी में कोरोना के लक्षण नहीं पाये गए

» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस के लिए जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों से अन्य प्रदेशों की यात्रा से लौटे हुए लोगों को नियमित रूप से ट्रेस कर रहा है। जिसके पश्चात उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें होम आइसोलेशन तथा सेल्फ क्वारेंटीन में रखा जा रहा है। जिसकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। 27 मार्च 2020 तक विदेश से कुल 83 यात्री जिले में आये। जिसमें से सभी लोगों को होम आइसोलेशन एवं क्वारेंटीन में रखा गया। इसमें से 67 यात्रियों को होम आइसोलेशन में रहते 14 दिनों से अधिक हो गए है। इन यात्रियों में कोरोना संबंधी कोई लक्षण नही पाए गए है तथा 16 यात्री 14 दिनों की आइसोलेशन की अवधि में है। इसी प्रकार 27 मार्च तक कुल 3694 व्यक्ति अन्य राज्यों की यात्रा कर जिले में लौटे है। जिसमें सभी लोगों को ट्रेस कर स्वास्थ्य परीक्षण कर होम आइसोलेशन में रखा गया है। जिसमें 330 लोगों ने होम आइसोलेशन में 14 दिन पूर्ण कर लिया है तथा उनमें कोई लक्षण नहीं है। शेष 3364 लोग वर्तमान में होम आइसोलेशन की 14 दिनों की अवधि के तहत अपने-अपने घरों में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन यात्रियों के घर पहुंचकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने एम्स के डायरेक्टर से बात कर कोरोना पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना

» एम्स के डायरेक्टर ने बताया कि भर्ती मरीजो की स्थिति सामान्य

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज एम्स के डायरेक्टर डॉ. एन.एम. नगरकर के टेलीफोन पर बात कर एम्स में भर्ती कोरोना पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका हाल-चाल जाना। एम्स के डायरेक्टर डॉ. एन.एम. नगरकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना वायरस के पीड़ित एम्स में भर्ती सभी मरीज की स्थिति सामान्य है। एम्स प्रबंधन द्वारा उनका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस से निपटने के लिए एम्स में सभी आवश्यक तैयारी पूरी है।

### बिलासपुर में फंसे केरल के 87 मजदूरों को लॉकडाउन के बाद भेजा जाएगा घर

» निगम करा रहा सभी की व्यवस्था

बिलासपुर (आरएनएस)। लॉकडाउन के चलते बिलासपुर में फंसे केरल के 87 मजदूरों को लॉकडाउन समाप्त होने के बाद घर भेजा जाएगा। बता दे कि उन 87 मजदूरों की स्थिति फिलहाल संतोषजनक है। इनके स्वास्थ्य में किसी तरह का बदलाव दर्ज नहीं हुआ है। निगम अमला फिलहाल अभी इनके लिए भोजन व अन्य सामाग्रियों की व्यवस्था करेगा। ज्ञात हो कि केरल में काम कर रहे मजदूरों का जत्था एर्नाकुलम एक्सप्रेस से शहर आया और ट्रेन रद्द होने के कारण यहीं फंस गए। अब इन मजदूरों के सेवा का दायित्व निगम ने संभाल रखा है। त्रिवेणी भवन और व्यापार विहार रैन बसेरा में इन्हें रुकवाया गया है। रोज इन मजदूरों को चाय, नाश्ता और भोजन कराने के अलावा उनके स्वास्थ्य पर भी निगम अमला ही निगरानी रख रहा है। शासन की ओर से इन कर्मचारियों को कब तक यहां रखना है यह तय नहीं है।

### कोरोना संक्रमण रोकने स्वच्छता कमांडो की सेवा अवधि में वृद्धि

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है। प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्यरत स्वच्छता कमांडो की सेवा अवधि दो माह बढ़ाने का निर्णय लिया है। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया ने इस आशय के आदेश दूरभाष के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। डॉ डहरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर सभी नगरीय निकायों में इस दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्यरत स्वच्छता कमांडो की सेवा अवधि दो माह बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# लॉक डाउन के दौरान राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के पुख्ता इंतजाम- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» कलेक्टरों को कालाबाजारी पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम आम जनता के नाम अपने संदेश में कहा है कि कोरोना वायरस से बचाव और इसके फैलाव को रोकने के लिए 21 दिन के लॉक डाउन के दौरान राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

साथ ही कलेक्टरों को कालाबाजारी पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बघेल ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा है कि 21 दिन के लॉक डाउन का आप अनुशासित होकर पालन कर रहे है इसके लिए आपका धन्यवाद। कोरोना वायरस के फैलाव की चेन को तोड़ने के लिये यह कितना जरूरी है।

इस लॉक डाउन के दौरान आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी न रहे इसके पूरे प्रबंध किये गये है और मैं व्यक्तिगत तौर पर पूरे प्रदेश से मिली रिपोर्ट ले रहा हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मेरे ध्यान में यह आया है कि कुछ स्थानों पर लॉक डाउन के संकट का लाभ उठाकर कुछ व्यापारियों ने आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा दिए हैं और कुछ लोग कालाबाजारी में लग गये है। यह अत्यंत ही आपत्तिजनक है। व्यापारी भाईयों से निवेदन है कि वे अनुचित लाभ न उठाएं और सेवा भाव से लोगों को दैनंदिनी आवश्यकता वाली वस्तुओं की आपूर्ति करें। हम किसी कीमत पर कालाबाजारी नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं कि कालाबाजारियों से कड़ाई से निपटनें और आम जनता को सही दामों पर वस्तुओं को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। कुछ व्यापारी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन बहुत अच्छे से कर रहे हैं। अपनी दुकान के सामने दूरी बनाए रखने के लिए निशान लगा रखे हैं। इसका अनुसरण दूसरे व्यापरियों को भी करना चाहिए। कलेक्टरों को यह भी निर्देश दिए गए



है कि आवश्यक वस्तुओं, सब्जी, फल आदि के परिवहन की व्यवस्था में कोई बाधा नहीं आये। जो लोग साग-भाजी, फल आदि के काम से जा रहे हैं, उन्हें नहीं रोका जाए। साग-भाजी और फल की सभी को आवश्यकता है। इसकी आपूर्ति बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी फसल कटाई का समय है, इसमें यथासंभव मशीनों से कटाई को कहा गया है, जितने मजदूर भाई-बहन है उनसे आग्रह है कि वे काम के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें दूर-दूर रहकर काम करें और सावधानी बरतें। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पुलिस विभाग इस संकट की घड़ी में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है, मैं उनकी सराहना करता हूँ। मेरा उनसे भी आग्रह है कि वो आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में मदद करें और जो लोग रोजमर्रा की वस्तुओं के क्रय के लिए निकल रहे हैं उनकी भी मदद करें। उन्होंने कहा कि मुझे यह भी जानकारी मिली है कि तरबूज की फसल आसपास की नदियों में खराब होने की कगार पर है। किसानों को ऐसी फसलों को शहर में लाने देने और उसको बेचने की माकूल व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के जितने डॉक्टर, नर्स और अमले के सदस्य हैं, जिला प्रशासन के लोग दिन रात लोगों की सेवा में लगे हैं, उन्हें मैं धन्यवाद देता हूं। संकट की घड़ी में दायित्व समझकर 24 घंटा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, निराश्रित और ऐसे मजदूर वर्ग के लोग जो लॉक डाउन के कारण परेशानी में हैं, उनके भोजन, आश्रय आदि की व्यवस्था सभी जिला कलेक्टरों द्वारा की जा रही है। मेरा उनसे आग्रह है कि वो जहां हैं वहीं रहे और यात्रा न करेंगे। ऐसे सभी लोगों के लिए, जिला स्तर पर हेल्प लाइन खोली गई हैं जिससे आप सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता से मेरी एक बार फिर हाथ जोड़कर अपील है कि वो लॉक डाउन का पूरी तरह पालन करें। बहुत आवश्यक होने पर केवल एक व्यक्ति ही घर से निकले।

## कलेक्टर के आदेश पर गांवों में जरूरतमंदों के लिए पहुंचा राशन







न्याय साक्षी/रायगढ़। गत दिवस कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया था।

जिसके अनुसार विकासखण्ड के समस्त ग्राम पंचायतों में चांवल, दाल, सूखी सब्जी व अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने कहा था। जिसका पालन करते हुए जिले के ग्राम पंचायतों में औसतन 2 क्विंटल चावल, 25-50 किलो दाल के साथ आलू, प्याज, तेल, सोयाबड़ी, मसाले, चना, मटर जैसी सुखी खाद्य सामग्री रखवा दी गई है। इस राशन का उपयोग गांव में जरूरतमंद परिवारों तथा फसे हुए श्रमिकों के लिए अति आवश्यक समय पर किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में अपने एक दिन का वेतन देंगे पंचायत विभाग रायगढ़ के अधिकारी कर्मचारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस के रोकथाम के बेहतर प्रबंधन मे भागीदारी निभाने पंचायत विभाग रायगढ़ द्वारा नेक पहल की गयी है। जिसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित जिला पंचायत के समस्त स्टाफ, सभी जनपद पंचायतों के स्टाफ के साथ जिले के समस्त ग्राम पंचायत के सचिवों ने अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में देने का निर्णय लिया।

» आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पहुंचा रही पोषण आहार

## लाक डाऊन में हितग्राहियों के घरों तक पहुंच रहा है पोषण आहार

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस से पैदा हुई जटिल परिस्थितियों के बीच लोगों तक उनकी जरुरत का सामान पहुंचाने के लिए, प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार के रूप मे दिया जाने वाला टेक होम राशन पहले आंगनबाड़ी केन्द्रों मे बुलाकर वितरित किया जाता था।

किन्तु कोरोना वायरस के संक्रमण प्रसार को रोकने के लिए लगाये गए, लॉकडाउन की स्थिति से उपजे कठिन हालातों में भी कुपोषण को मात देने के लिए संचालित योजना का क्रियान्वयन प्रभावित न हो इसके लिए अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों के घरों तक जा कर पोषण आहार पहुंचा रही है। इस दौरान कोरोना वायरस के लिए जारी सुरक्षा मानकों का पालन भी किया जा रहा है। गत दिवस कोरोना वायरस के लिए बनाई गयी कोर



समिति की बैठक मे कलेक्टर यशवंत कुमार ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा था कि ऐसी व्यवस्था बनायीं जाये कि लॉक डाउन का असर पोषण आहार के वितरण पर नहीं पड़ना चाहिए। चूँकि कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए जारी एडवाइजरी मे सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) का पालन करने कहा गया है, उसी के अनुपालन मे अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों के घरों तक राशन की पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही शासन-प्रशासन द्वारा इस टेक होम राशन के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों तक निर्बाध आपूर्ति के लिए व्यवस्थित सप्लाई चैन बनायी गयी है। पोषण आहार के घरों तक पहुंचने से हितग्राहियों में भी संतोष है की ऐसा होने से लॉक डाउन का उल्लंघन नहीं हो रहा है, सामाजिक दूरी बनी हुई है और पोषण युक्त आहार भी समय से मिल जा रहा है। हितग्राही बेला ने कलेक्टर एवं प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि टेक होम राशन के घर पहुंचने से मेरी पुत्री को पौष्टिक आहार मिल सकेगा। मेघा ने कहा कि मैं जिले के कलेक्टर तथा प्रशासनिक अमले की बहुत आभारी हूँ कि इन कठिन परिस्थितियों में भी हम तक योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।



### अप्रेल और मई का खाद्यान्न मिलेगा एक साथ

» राज्य के सभी उचित मूल्य की दुकानों में पहुंची खाद्य सामग्री

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए किए गए लाक डाउन के दौरान प्रदेश के नागरिकों को दो माह का चावल, नमक, शक्कर का वितरण एक साथ करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के उचित मूल्य के दुकानों में चावल, नमक, शक्कर का भण्डारण तेजी से किया जा रहा है। ताकि आमजनों को एक अप्रेल से ही खाद्यान्न मिलना शुरू हो जाएगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में संचालित उचित मूल्य के दुकानों में से लगभग 8290 दुकानों में माह अप्रेल के लिए चावल तथा 9 हजार 444 राशन दुकानों में शक्कर एवं 8687 दुकानों में नमक का भण्डारण हो चुका है। शेष दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मई के लिए भी खाद्यान्न का भण्डारण किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री की मेडिकल सुरक्षा उपकरणों मास्क उपयोग की अपील

» कहा मेडिकल स्टॉफ को अभी इनकी सबसे ज्यादा जरूरत, गैरजरूरी उपयोग न हो

रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने कोविड-19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के बीच मेडिकल सुरक्षा उपकरणों और सर्जिकल मास्क के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिस और मीडिया से अपील की है कि बीमारी के लक्षण न होने पर सर्जिकल मास्क का उपयोग न करें। श्री सिंहदेव ने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों और सर्जिकल मास्क का बेहतर, तर्कपूर्ण एवं जहां जरूरत हो वहीं उपयोग किया जाना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने आज यहां जारी अपने संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ भी वैश्विक महामारी कोविड-19 से लड़ रहा है। इस विकट परिस्थिति में महामारी नियंत्रण की जिम्मेदारी के एक अनिवार्य अंग होने के नाते मेरी आप सबसे अपील है।

## लॉकडाउन- दो हजार से अधिक निराश्रित व्यक्तियों तक पहुंचाया निःशुल्क ताजा भोजन

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि लॉकडाउन की स्थिति में किसी को भूखे पेट सोने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थानों की मदद से प्रदेश में असहाय, निराश्रित और जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच कर ताजा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

सभी जिलों में आज 27 मार्च को प्रशासन ने 2 हजार 322 जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचकर ताजा निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया। इसकी राज्य स्तर पर निरन्तर ऑनलाईन मॉनिटरिंग की जा रही है। राज्य शासन द्वारा यह प्रयास









किया जा रहा है कि कोई भी गरीब व्यक्ति भोजन से वंचित न रहे, इसके लिए प्रत्येक गाँव, मोहल्ला, नगर से जानकारी मंगाई जा रही है। राज्य शासन ने भोजन के सुरक्षित वितरण के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा अनाज संग्रहण और जरुरतमन्द तक पहुंच के लिए रायपुर नगर निगम क्षेत्र हेतु फूड सप्लाइ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जरूरतमंद कंट्रोल रूम के फोन नम्बर 0771-4055574 पर सम्पर्क कर सकते है। संस्थाओं को जिला प्रशासन एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा समय-

## राशन के लिए जनता को भटकना न पड़े- उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल

» आम जनता तक राशन जल्द से जल्द पहुंचे

न्याय साक्षी/रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक से कॉफ्रेंस के माध्यम से चर्चा परिचर्चा कर कोरोना वायरस के संदर्भ में जिले की स्थिति का जायजा लिया एवं समस्त राशन कार्ड धारियों को दो माह का राशन जल्द से जल्द भेजे जाने का निर्देश दिया जिससे आम जनमानस को राशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिससे आमजनता को कोरोना वायरस से बचाव के लिए किए जा लॉक डाउन के नियमों का पालन करने में सुविधा होगी इसके अलावा भी उन्होंने कुछ अन्य बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा परिचर्चा की। आम जनमानस घर में रहकर शासन के द्वारा दिये निर्देशों का गंभीरता पूर्ण पालन करे



समूचे विश्व कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहा है उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने फिर से आम जनमानस को घर में रहने की सलाह देते हुए कहा हैं कि आप सब लोगों के सहयोग से ही हम कोरोना वायरस नामक महामारी से लड़कर जीत सकते है। आप लोग कुछ दिन और घर मे रहकर अपना एवं अपने परिजनों को इस महामारी से रक्षा करें एवं एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाकर शासन द्वारा जारी किए जा रहे नियमों का पालन करें।

# लॉक डाउन में वित्तीय समस्या दूर करने घरों तक पहुंच रही है बैंक सखी

» सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वितरित की जा रही है धनराशि

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम के लिए लगाए गए लॉक डाउन के चलते लोगों की वित्तीय समस्याओं को दूर करने तथा बैंकों से लेनदेन का भार कम करने बैंक सखी, बैंक मित्र तथा च्वाइस सेंटर के वीएलई लोगों को घरों तक पहुंचकर उनको राशि उपलब्ध करवा रही है।

बैंक सखियों द्वारा पेंशन, विभिन्न योजनाओं की राशि के वितरण के साथ बैंकिंग राशि वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान बैंक सखियों द्वारा कोरोना वायरस के मद्देनजर जारी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। उनके द्वारा नियमित हाथ साफ करना, हैण्ड



सेनेटाईजर का उपयोग करना तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है। साथ ही हितग्राहियों की सबसे पहले हाथ धुलवाकर आगे की प्रक्रिया संपादित की जा रही है। ज्ञात हो कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लाक डाउन के संबंध में जारी राहत पैकेज के घोषणा के दौरान विशेषतः यह उल्लेख किया था कि कोरोना वायरस के बचाव के लिए गृह मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में इस बात का समावेश किया गया है इस अवधि में लोगों की वित्तीय समस्या दूर करने के लिए बैंक सखी, बैंक मित्रों द्वारा लोगों के घरों तक जाकर राशि पहुंचाने की छूट होगी।

जिसके तहत रायगढ़ जिले में लोगो के घरों तक जाकर राशि प्रदाय की जा रही है। इस दौरान पूर्व से सूचना होने पर बैंक सखियों द्वारा संबंधित हितग्राहियों के घरों तक राशन सामग्री पंहुचाकर दी जा रही है।

### कोरोना रोकने छ.ग. जिला जनपद पंचायत रायपुर कर्मचारी संघ भी देगा एक दिन का वेतन

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए, छत्तीसगढ़ जिला जनपद पंचायत रायपुर कर्मचारी संघ ने भी सहयोग का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में एक दिन का वेतन देने का निर्णय किया है। संघ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर अपने संघ की ओर से एक दिन का वेतन छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में देने की घोषणा की है, तथा छत्तीसगढ़ जिला जनपद पंचायत कर्मचारी संघ रायपुर द्वारा प्रेषित अपने पत्र क्रमांक- दिनांक 26 मार्च 2020 के अनुसार संघ के प्रांत अध्यक्ष नंदलाल साहू, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा, संतोष सोनी, सचिव बी.आर. साहू एवं संयोजक डी.के. महोबिया ने बताया कि आज पूरे देश में कोरोनावायरस के संक्रमण को लेकर सरकारें सकारात्मक पहल कर रहें हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO N- CHH-